दिनांकः 13.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के दौरे पर–केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद नागौर के खरनाल में करेंगे वीर तेजाजी मंदिर के दर्शन।
- लोक देवता बाबा रामदेव की जयंती और तेजादशमी पर प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन।
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जयपुर में करेंगी राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का उद्घाटन।
- देश में विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 की प्रगति की निगरानी के लिए ऑन लाइन पोर्टल आज से होगा शुरू।

.................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के एक दिन के दौरे पर रहेंगे। वे अजमेर जिले के बांदरसिंदरी में केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री धनखड़ विकसित भारत /2047 में उच्च शिक्षा की भूमिका विषय पर विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद उपराष्ट्रपति नागौर जिले के खरनाल स्थित वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद उनका अजमेर के सुरसुरा में वीर तेजाजी की निर्वाण स्थली के दर्शन का भी कार्यक्रम है। उपराष्ट्रपति के प्रवास के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

.................

लोक देवता बाबा रामदेव की जयंती और तेजादशमी पर आज प्रदेशभर के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। वीर तेजाजी और बाबा रामदेव के मंदिरों में मेले भी भर रहे हैं। जैसलमेर के रामेदवरा में बाबा रामदेव के मेले में दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और मंदिर में बाबा की समाधि के दर्शन कर मनौती मांग रहे हैं। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। इधर, सोनार दुर्ग स्थित प्राचीन रामदेव मंदिर में भी कई कार्यक्रम हो रहे हैं। शाम को छप्पन भोग और महाआरती का आयोजन होगा। हनुमानगढ के बाबा रामदेव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सवाईमाधोपुर में देवस्थानों पर भजन, कीर्तन और जागरण के आयोजन हो रहे हैं।
तेजादशमी पर तेजाजी की जन्म स्थली नागौर के खरनाल में मेला भर रहा है। मेले में आस–पास के जिलों और अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि रात को तेजा गायन और जागरण के आयोजन किये गये।

.............

अजमेर के सुरसुरा में भी तेजाजी का मेला आयोजित किया जा रहा है। बारां के डोल मेला तालाब की पाल पर स्थित तेजाजी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम हो रहे हैं। शाहपुरा जिले के सांगरिया गांव में शोभायात्रा निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तेजादशमी और बाबा रामदेव जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

.................

जयपुर के जोबनेर स्थित श्रीकर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय का आज स्थापना दिवस है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े शिरकत करेंगे। श्री बागड़े का जोबनेर में डेयरी एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज के लोकार्पण का भी कार्यक्रम है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे।

.................

राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट–2024 के सिलसिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जापान में वहां की सरकार के मंत्रियों से बातचीत की और राज्य में निवेश को सुविधाजनक बनाने में जापान के लगातार सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने उन्हें दिसम्बर में आयोजित होने वाली समिट में भाग

लेने के लिए भी आमंत्रित किया। जापानी कंपनियों के साथ व्यावसायिक सहयोग का विश्वास जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता हैं और इनमें निवेश के कई अवसर मौजूद हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख जापानी फर्मों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी मुलाकात की।

.................

राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2024 आज से जयपुर में शुरु हो रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इसका उद्घाटन करेंगी। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 15 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस मार्ट में 200 से अधिक स्टॉल्स लगाई जाएंगी। इसकी थीम 'वेडिंग, इन्सेंटिव, कॉन्फ्रेंस और इवेंट' रखी गई है। इसका उद्देश्य वेडिंग और इवेंट टूरिज्म को बढ़ावा देना है।

.................

देश में विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 की प्रगति की निगरानी के लिए एक ऑन लाइन पोर्टल का आज शुभारंभ होगा। केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह इसकी शुरूआत करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में स्वच्छता को संस्थापित करना है। सरकार ने दो से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए हर साल विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान से पहले 16 से 30 सितम्बर तक अभियान का प्रारंभिक चरण शुरू किया जाएगा। कल अभियान को लेकर रेलवे बोर्ड की बैठक भी हुई। बोर्ड की सचिव अरूणा नायर ने स्वच्छता में सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि रेलवे ने स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी पर जोर दिया है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाकर रेल यात्रियों को जागरुक किया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायतों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

.................

चूरू जिले के तारानगर में कल रात सडक हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और पांच लोग घायल हो गये। ये हादसा एक वैन का टायर फटने से असतुंलित होकर पलट जाने से हुआ। घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये सभी लोग हरियाणा के रहने वाले थे और तारानगर के पास मेले में भाग लेने आ रहे थे।

.................

चित्तौड़गढ़ के प्रसिद्ध श्री सांवलियाजी मंदिर का जलझूलनी एकादशी मेला आज से शुरू हो रहा है। इसका मुख्य आयोजन कल एकादशी के अवसर पर होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल भगवान सांवलियाजी को चांदी के रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण करवाया जाएगा। हैलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की जाएगी।

.................

प्रदेश में आज उत्तर–पूर्वी राजस्थान में बरसात की गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान में कल से 17 सितम्बर के दौरान कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश होगी। वहीं पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है। इस बीच विभिन्न स्थानों पर हुई बरसात के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों में राहत कार्य जारी हैं। भरतपुर में जगह–जगह अतिरिक्त पम्प लगाकर पानी निकाला जा रहा है। वहीं अजमेर में मौसम बीमारियों की आशंका के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की 96 टीमों ने कल शहर की विभिन्न कॉलोनियों में एंटी लार्वा का छिडकाव किया और कई घरों में दवा किटों का वितरण किया।

.................